



## राजनीतिक

**● क्या फडणवीस और योगी भाजपा संसदीय बोर्ड में शामिल होने वाले हैं?**



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भाजपा संसदीय बोर्ड में पदोन्नत किए जाने की संभावना है।

**● क्या प्रधान को ओडिशा के मुख्यमंत्री पद का आश्वासन दिया गया है?**

दिल्ली के सत्ता गलियारों में यह चर्चा चल रही है कि निवर्तमान शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को ओडिशा का मुख्यमंत्री पद देने का आश्वासन दिया गया है। देखते हैं आगे क्या होता है।

**● क्या जनरेशन जेड बांकीपुर सीट का भविष्य तय करेगी?**

पटना में आगामी बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव एक सामान्य स्थानीय चुनाव से कहीं बढ़कर एक महत्वपूर्ण चुनावी लड़ाई बन गया है, जो देश भर में हो रहे व्यापक राजनीतिक बदलावों को दर्शाता है। भारत में युवाओं के नेतृत्व वाले विमर्श को सक्रिय रूप से नया आकार दे रहे बढ़ते छात्र विरोध प्रदर्शनों के बीच, इस चुनाव को व्यापक रूप से इस बात की एक महत्वपूर्ण परीक्षा के रूप में देखा जा रहा है कि बिहार के जेनरेशन जेड मतदाता राज्य के चुनावी भविष्य को कैसे प्रभावित करेंगे। ऐतिहासिक रूप से भाजपा का विश्वसनीय गढ़ रहा बांकीपुर सीट नितिन नबीन ने कई बार जीती है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने और उसके बाद राज्यसभा के लिए चुने जाने के बाद यह सीट खाली हो गई थी। यह चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर और उनके जन सूरज मंच के लिए एक महत्वपूर्ण आकलन साबित होगा, जिससे युवाओं के बढ़ते समर्थन को ठोस राजनीतिक पूंजी में बदलने की उनकी क्षमता का परीक्षण होगा। युवा मतदाता नए दृष्टिकोण की तलाश में हैं, ऐसे में बांकीपुर एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है, जहां स्थापित पार्टी का वर्चस्व एक ऊर्जावान पीढ़ी के बढ़ते प्रभाव से टकरा रहा है।

**● कूटनीतिक गतिविधियां तेज**

विदेश मंत्रालय दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन और राष्ट्रपति शी की यात्रा की तैयारियों में जुटा है। भारत का विदेश मंत्रालय (MEA), अपने दक्षिण एशिया और क्षेत्रीय कूटनीति ब्यूरो के नेतृत्व में, इस सितंबर में नई दिल्ली में होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। भारत मंडपम में आयोजित होने वाले इस महत्वपूर्ण सम्मेलन के लिए जटिल रसद, सुरक्षा और प्रोटोकॉल व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए राजनयिक चैनल चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। इस गहन अभियान का मुख्य केंद्र चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की संभावित भारत यात्रा है, जो 2019 के मामल्लापुरम अनौपचारिक शिखर सम्मेलन के बाद उनकी पहली भारत यात्रा है। सीमा पर धीरे-धीरे हो रही सैन्य वापसी और नए सिरे से शुरू हुए द्विपक्षीय वार्ताओं के बीच राष्ट्रपति शी की उपस्थिति का भू-राजनीतिक महत्व बहुत अधिक है।

**● सरकार बीबीबी का पुनर्गठन करेगी**

भारत सरकार द्वारा अप्रैल 2016 में स्थापित स्वायत्त निकाय, बैंक बोर्ड ब्यूरो (बीबीबी) का पुनर्गठन किया जा रहा है। क्या वर्तमान बोर्ड बना रहेगा या एक नई टीम का चयन किया जाएगा?

**● शिक्षा मंत्रालय में व्यापक बदलाव संभव**

मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और सचिव विनीत जोशी के इस्तीफे के बाद शिक्षा मंत्रालय में व्यापक फेरबदल होने जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, उप सचिव से लेकर संयुक्त सचिव रैंक तक के लगभग एक दर्जन अधिकारियों को मंत्रालय से स्थानांतरित किया जा सकता है।

## प्रशासनिक

**● केरलः राज्य के सबसे युवा कलेक्टर**

कोट्टायम के जिला मजिस्ट्रेट आईएएस चेतन कुमार मीना केरल राज्य के सबसे युवा कलेक्टर हैं। 1995 में जन्मे मीना केरल कैडर के 2018 बैच से संबंधित हैं।

**● सरकार ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष का कार्यकाल बढ़ाया**

मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ के पद पर सतीश कुमार (1986 में सेवानिवृत्त आईआरएमएस) का कार्यकाल एक वर्ष के लिए और बढ़ाने की मंजूरी दे दी है।

**● गीतिका पांडे पूर्वी रेलवे की महाप्रबंधक नियुक्त**

सुश्री गीतिका पांडे, जो वर्तमान में रेलवे बोर्ड में अतिरिक्त सदस्य के पद पर कार्यरत हैं, को पूर्वी रेलवे का महाप्रबंधक नियुक्त किया गया है। वह भारतीय रेलवे लेखा सेवा अधिकारी हैं।

**● सुब्बा राव दक्षिणी रेलवे के महाप्रबंधक**

यू. सुब्बा राव, जो वर्तमान में इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) के महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत हैं, को दक्षिणी रेलवे का महाप्रबंधक नियुक्त किया गया है। वे भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस) अधिकारी हैं।

**● मनीष अग्रवाल आईसीएफ के महाप्रबंधक**



मनीष अग्रवाल, जो वर्तमान में रेल विकास निगम लिमिटेड में प्रतिनियुक्ति पर हैं, को इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) का महाप्रबंधक नियुक्त किया गया है। वे भारतीय रेलवे यांत्रिक अभियंता सेवा के अधिकारी हैं।

**● तुषार कांत पांडे का तबादला पीसीई, एनईआर के रूप में**

तुषार कांत पांडे, जो वर्तमान में उत्तर पूर्वी रेलवे (एनईआर) में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं, को रेलवे में ही प्रधान मुख्य अभियंता (पीसीई) के पद पर तैनात किया गया है। वे भारतीय रेलवे अभियंता सेवा के अधिकारी हैं।

**● राघवेंद्र के. शर्मा पीसीएसओ, एनसीआर**

राघवेंद्र के. शर्मा, जो वर्तमान में दक्षिण पश्चिम रेलवे (एसडब्ल्यूआर) में मुख्य विद्युत अभियंता (योजना) [सीईई (प्लानिंग)] के पद पर कार्यरत हैं, का तबादला उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) में प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी (पीसीएसओ) के पद पर कर दिया गया है। वे भारतीय रेलवे विद्युत अभियंता सेवा (आईआरएसईई) के अधिकारी हैं।

**● यतेंद्र कुमार, आईआरआईईईएन के महानिदेशक**

वर्तमान में उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) में प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत यतेंद्र कुमार का तबादला भारतीय रेलवे विद्युत अभियांत्रिकी संस्थान में महानिदेशक के पद पर कर दिया गया है। वे भारतीय रेलवे विद्युत अभियांत्रिकी सेवा के अधिकारी हैं।

**● आईआरआईएफएम में ऋचा खरे महानिदेशक नियुक्त**

पश्चिमी रेलवे में वर्तमान में प्रधान वित्तीय सलाहकार के पद पर कार्यरत सुश्री ऋचा खरे का तबादला भारतीय रेलवे वित्तीय प्रबंधन संस्थान में महानिदेशक के पद पर कर दिया गया है। वह भारतीय रेलवे लेखा सेवा अधिकारी हैं।

**● आर. मोहनराजा रेलवे बोर्ड में महानिदेशक**

वर्तमान में रेलवे बोर्ड के सचिव के रूप में कार्यरत आर. मोहनराजा को रेलवे बोर्ड में महानिदेशक (मानव संसाधन) के रूप में नियुक्त किया गया है।

**● मनोज एन, केएपीएल में सीवीओ**

मनोज एन, जो वर्तमान में ईस्ट कोस्ट रेलवे (ईसीआर) में कार्यरत हैं, को फार्मास्युटिकल विभाग के अंतर्गत कर्नाटक एंटीबायोटिक्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड, बेंगलुरु में मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में प्रारंभिक तीन वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया गया है। वे भारतीय रेलवे यातायात सेवा अधिकारी हैं।

# बिजली उपभोक्ता सर्वोपरि, शिकायतों का तुरंत हो समाधान : जिलाधिकारी



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, औरैया :** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद के जिलाधिकारी बृजेश कुमार ने मंगलवार को विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर कड़ा रुख अपनाते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि विद्युत उपभोक्ता सर्वोपरि हैं और उनकी समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं के फोन नहीं उठाने की शिकायतों पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों का यह रवैया विभाग के साथ-साथ शासन की छवि भी खराब करता है। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि कोई उपभोक्ता दूरभाष पर संपर्क करता है तो उससे शालीनता से बात करें, समस्या की सही जानकारी दें और उसके शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करें। ओवर बिलिंग की बढ़ती शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता को मीटर रीडरों के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश देने को कहा कि किसी भी उपभोक्ता का गलत या अधिक बिल जारी न हो। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाई गई तो संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध तत्काल कठोर कार्रवाई की जाएगी। जनता की सुविधा के लिए जिलाधिकारी ने जनपद के सभी विद्युत उपकेंद्रों पर 'समस्या निस्तारण शिविर' आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही खराब पड़े ट्रांसफार्मरों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल बदलने, लाइन लॉस कम करने, शत-प्रतिशत बिजली बिलों की वसूली सुनिश्चित करने तथा शासन द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के भी निर्देश दिए। बैठक में अधिशाषी अभियंता विद्युत औरैया, अधिशाषी अभियंता विद्युत दिबियापुर सहित जनपद के सभी सहायक अभियंता (एई) एवं अवर अभियंता (जेई) उपस्थित रहे।

## कैंटर ने मारी बाइक में टक्कर, युवक की मौत

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के जनपद गौतमबुद्धनगर नोएडा के थाना सेक्टर 113 क्षेत्र के परथला गोल चक्कर के पास एक कैंटर चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल सवार युवक को टक्कर मार दिया। उसे उपचार के लिए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां पर उपचार के दौरान आज उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सेक्टर -113 के प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि 27 जुलाई की रात को एक कैंटर चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए परथला चौक के पास बिलाल पुत्र गुलफाम निवासी खोड़ा कॉलोनी को टक्कर मार दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं को परखने श्रंगीरामपुर घाट पहुंचे अधिकारी,

# सड़क पर गड्ढा देख जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, फर्रुखाबाद :** उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जनपद में श्रंगीऋषि की तपस्थली रही श्रंगीरामपुर गंगा घाट का जिलाधिकारी अंकुर लाठर व एसपी आरती सिंह कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान सड़क पर गड्डे देख डीएम ने नाराजगी जताई।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग को तत्काल गड्डे भरवाने के निर्देश दिए। डीएम ने कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस अधिकारियों को मोबाइल पर रहने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि गंगा तट श्रंगीरामपुर में श्रंगी ऋषि ने अखंड साधना की थी। इस वजह से इस स्थान को तीर्थ राज कहा जाता है। यहां जनपद के साथ ही अन्य प्रदेशों से भी भोले भंडारी के भक्त और कांवड़िए गंगा जल भरने आते हैं। जिनकी वजह से श्रंगीरामपुर से छिबरामऊ के मार्ग अवरुद्ध हो जाते हैं।और हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। इसी वजह जिलाधिकारी अंकुर लाठर व एसपी आरती सिंह ने दलबल के साथ पहुंचे और कांवड़ियों के स्नान व ठहरने की व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी अंकुर लाठर ने बताया कि गंगा तक पहुंचने वाला मार्ग कच्चा है। उसी मार्ग को सही कराने के निर्देश दिए गए हैं। एसपी आरती सिंह ने बताया कि कांवड़ियों की विशेष सुरक्षा के लिए मेले में पुलिस तैनात की गई है।

# उप्र में 41 पीसीएस अफसरों के तबादले

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश शासन ने सोमवार देररात 41 पीसीएस अफसरों का स्थानांतरित कर दिया गया। सूची के मुताबकि महेंद्र कुमार सिंह को विशेष कार्यधिकारी अयोध्या विकास प्राधिकरण से नगर मजिस्ट्रेट वाराणसी, बिन्दु लता को उपजिलाधिकारी जौनपुर से अपर जिलाधिकारी (न्यायियक) कानपुर नगर, संजय चावला को उपजिलाधिकारी आजमगढ़ से अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) आजमगढ़ बनाया है। कुंवर पंकज को अपर जिलाधिकारी (वि/रा) महोबा से अपर आयुक्त झांसी मंडल, इंद्र नंदन सिंह को नगर मजिस्ट्रेट जौनपुर से अपर जिलधिकारी (वि/रा) महोबा, विनय कुमार मिश्रा को उपजिलाधिकारी चंदौली से प्रधान प्रबंधक उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ और महेंद्र प्रताप को प्रधान प्रबंधक उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ से मुख्य राजस्व अधिकारी सुलतानपुर, राजेश कुमार उपजिलाधिकारी अम्बेडकर नगर से प्रधान प्रबंधक उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ और सौजन्य कुमार विकास को विशेष कार्याधिकारी राजस्व परिषद को उपजिलाधिकारी बहराइच बनाया है। इसी तरह लखनऊ, वाराणसी, जौनपुर, बुलंदशहर, पीलीभीत, मेरठ नगर मजिस्ट्रेटों समेत 41 पीसीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है।

## उमस और कम बारिश से बढ़ी किसानों की चिंता, धान-मक्का की फसल पर संकट के बादल

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, औरैया :** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में जुलाई का महीना बीतने को है, लेकिन जिले में अब तक झमाझम बारिश नहीं होने से किसानों की चिंताएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। धान की फसल के लिए इस समय भरपूर वर्षा की आवश्यकता होती है, लेकिन इस बार केवल रुक-रुककर हल्की फुहारें पड़ने से खेतों में पर्याप्त नमी नहीं बन पा रही है। नतीजतन किसानों को धान की फसल बचाने के लिए सबमर्सिबल पंपों और अन्य सिंचाई साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है।

बारिश की कमी और लगातार बनी उमस ने खरीफ फसलों पर भी प्रतिकूल असर डालना शुरू कर दिया है। मक्का, बाजरा और हरी सब्जियों की फसलों में कीट एवं विभिन्न रोगों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। उत्पादन घटने की आशंका के बीच किसानों ने फसलों को बचाने के लिए कीटनाशक दवाओं का छिड़काव शुरू कर दिया है। सोमवार को भी दिनभर आसमान में बादल छाए रहे, लेकिन तेज बारिश नहीं होने से किसानों को मायूसी हाथ लगी। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

हवा की रफ्तार मात्र चार किलोमीटर प्रति घंटा रहने से वातावरण में उमस काफी बढ़ गई, जिससे आम जनजीवन भी प्रभावित रहा और लोगों को दिनभर गर्मी का सामना करना पड़ा। मौसम वैज्ञानिक डॉ. रामपलट ने बताया कि तापमान में एक-एक डिग्री का बदलाव भी फसलों की वृद्धि पर असर डालता है।

### गुरुओं की तपोभूमि को संवार रही सरकार

# पर्यटन विकास परियोजनाओं से निखर रहे संत रविदास और देवरहा बाबा के तीर्थ

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति में गुरु के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और ज्ञान परंपरा के सम्मान का पर्व है। उत्तर प्रदेश, जहां ऋषि-मुनियों, संतों और आचार्यों की समृद्ध गुरु परंपरा सदियों से समाज का मार्गदर्शन करती रही है, आज उसी विरासत को नए आयाम मिल रहे हैं।

प्रदेश सरकार आध्यात्मिक पर्यटन विकास के माध्यम से गुरु परंपरा से जुड़े मंदिरों, आश्रमों, गुरुद्वारों और संतों की तपोस्थलियों का संरक्षण एवं विकास कर रही है। इससे न केवल सांस्कृतिक विरासत सशक्त हो रही है, बल्कि नई पीढ़ी भी अपनी गौरवशाली ज्ञान परंपरा से जुड़ रही है। सनातन परंपरा में यह पर्व महर्षि वेदव्यास की स्मृति में 'व्यास पूर्णिमा' के रूप में मनाया जाता है। बौद्ध परंपरा में यह भगवान बुद्ध के प्रथम उपदेश और धर्मचक्र प्रवर्तन का स्मृति-दिवस है। जैन परंपरा में इसका संबंध गौतम स्वामी के ज्ञान-दीक्षा प्रसंग से है। सिख परंपरा में भी गुरु-वाणी सर्वोपरि है। इसीलिए गुरु पूर्णिमा गुरु-शिष्य परंपरा एवं आध्यात्मिक चेतना का सार्वकालिक उत्सव है। प्रभु श्रीराम ने गुरु वशिष्ठ से ज्ञान-संस्कार प्राप्त कर आदर्श जीवन की मर्यादाओं को आत्मसात किया। वहीं, भगवान श्रीकृष्ण ने महर्षि सांदीपनि के आश्रम में रहकर ज्ञान प्राप्त किया। गुरुओं की भूमि 'उत्तर प्रदेश'भारतीय सनातन संस्कृति में गुरु को ब्रह्मा, विष्णु और महेश के समान स्थान दिया गया है। उत्तर प्रदेश को ऋषियों और संतों की भूमि कहा जाता है। महर्षि वाल्मीकि, वेदव्यास, महर्षि भारद्वाज, ऋषि पराशर, महर्षि याज्ञवल्क्य, संत कबीर, रविदास, गोस्वामी तुलसीदास और गुरु गोरक्षनाथ जैसी विभूतियों ने यहीं से भारतीय संस्कृति को दिशा दी। प्रदेश के तीर्थ, आश्रम और धाम आज भी इस गौरवशाली परंपरा के साक्षी हैं। इसी विरासत को संरक्षित करने के लिए प्रदेश सरकार ने वर्ष 2019-20 से 2025-26 के बीच कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं में आकार लिया, तो कुछ मूर्त रूप ले रही हैं।

गुरु गोरखनाथ, संत रविदास से देवराहा बाबा तक विकास की श्रृंखलाप्रदेश सरकार द्वारा महोबा के गोरखगिरि पर्वत पर नाथ संप्रदाय के प्रमुख आस्था केंद्र में 11.25 करोड़ रुपए की लागत से 51 फीट ऊंची गुरु गोरखनाथ की कांस्य प्रतिमा स्थापित की गई है। अमेठी के जायस में गुरु गोरखनाथ की 25 फीट ऊंची योग मुद्रा वाली कांस्य प्रतिमा का निर्माण लगभग 5.95 करोड़ रुपए की लागत से कराया जा रहा है।

## मुफ्त पढ़ाई, आधुनिक सुविधाएं और बड़े सपने, योगी सरकार में बदली सर्वोदय विद्यालयों की तस्वीर

**लखनऊ।** योगी सरकार में सरकारी स्कूल का मतलब सिर्फ किताब-कॉपी और सामान्य पढ़ाई नहीं रह गया है। उत्तर प्रदेश में जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय गरीब और वंचित परिवारों के बच्चों के लिए उस बदलाव की तस्वीर पेश कर रहे हैं, जहां फीस नहीं, लेकिन सुविधाओं में कोई कमी नहीं। स्मार्ट क्लास, डिजिटल बोर्ड, कंप्यूटर लैब, विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय से लेकर आवास, भोजन और यूनिफॉर्म तक की सुविधा मुफ्त मिल रही है। योगी सरकार की इस पहल ने प्रति वर्ष 30 हजार से अधिक छात्र- छात्राओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के रास्ते खोले हैं। सर्वोदय विद्यालयों में आधुनिक तकनीक ने पढ़ाई का अंदाज बदल दिया है। डिजिटल बोर्ड और स्मार्ट क्लास के जरिए पढ़ाई को रोचक बनाया जा रहा है, वहीं कंप्यूटर लैब और विज्ञान प्रयोगशालाएं विद्यार्थियों को तकनीकी और व्यावहारिक शिक्षा से जोड़ रही हैं।

**M.P. STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**
State IT Centre, 47-A, Arera Hills, Bhopal–462011 (M.P.)
www.mpsedc.mp.gov.in, 0755-2518300, marketing@mpsedc.com

**NOTICE INVITING TENDER'S (NIT)**

MPSEDC invites online proposals for following bids on MP Tender :

| S.No. | Tender No. | NIT |
|---|---|---|
| 1 | MPSEDC/ MKT/SWAN/ 2026/704 | RFP for Design, Supply, Installation, Testing, Commissioning, and Maintenance of Solar-Powered Electric Wire Fencing Systems at prisons of Madhya Pradesh. |

For detail scope of work, terms and conditions please refer to the respective bid document available on MP Tender Portal **(www. mptenders.gov.in).**
M.P. Madhyam/127229/2026 **CHIEF GENERAL MANAGER**

**परिशिष्ट B-संख्यांक 13**
**सिविल न्यायालय बैरसिया जिला भोपाल**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, बैरसिया भोपाल**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
आरसीएस ए/63/2024
कमल सिंह बनाम दयाल सिंह
NEXT DATE :17-08-2026

**प्रेषिती,** दयाल सिंह भाव सिंह आयु 55 वर्ष पता-निवासी सीनियर LIG बागसेवनिया पोस्ट बागमुगलिया तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.) यह कि प्रार्थी कमल सिंह ने आपके विरूद्ध आरसीएस ए/63/2024 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 30-06-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें :-** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

**श्रीमती विभा आर्य,न्यायाधीश**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड**
**बैरसिया भोपाल (म.प्र.)**

**मूल रजिस्ट्री गुम होने की सूचना**

सभी को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार सलीम खान स्वर्गीय राशिद खान निवासी 307 जनता नगर के द्वारा उनके मकान क्रमांक 307 जो खसरा क्रमांक 167/2/3 का अंश भाग है जिसका rajistry क्रमांक 1/1258 है की मूल rajistry एवं उनके पहचान सम्बन्धी दस्तावेज़ कही गुम हो गए है जिसकी सूचना सम्बंधित थाने में दिनांक 26/07/2026 को दे दी है जिस किसी व्यक्ति को दस्तावेज़ मिल जाए तो कृपया 9406815402 पर संपर्क करे एवं इस दस्तावेज से सम्बंधित मेरे अलावा किसी भी व्यक्ति से कोई व्यवहार न करे ।

भवदीय
JAVED IQBAL,
ADVOCATE,
MOB. 9926334598, 9406815402

**पश्चिम मध्य रेल**
**ई निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेल, भोपाल भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिये कार्य करते हुये निम्न कार्यों हेतु ई निविदा आमंत्रित करते है। इन टेन्डर्स के तहत मैनुअल प्रस्ताव मान्य नहीं होंगे एवं ऐसे प्राप्त कोई भी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जायेगा। निविदा से संबंधित दस्तावेज वेबसाइट www.ireps. gov.in पर अपलोड कर दिये गये हैं।, **निविदा सूचना एवं क्रमांकः** बीपीएलएनवर्क्स 2026 – 27 सिगनल 08, **कार्य का नामः** एन्हान्सिंग एड स्ट्रेंग्थेनिंग ऑफ अर्थिंग अरेंजमेंट एंड प्रोविसिनन ऑफ सर्ज प्रोटेक्शन डिवाइस फॉर सिग्नलिंग इक्विपमेंट्स, एट station/LC/IBH/Relay हट एंड टेलीकॉम इंस्टालेशन एस पर RDSO TAN No-STS/TAN/3006. Ver3.1 dtd 30.06.2025 और लेटेस्ट अमेंडमेंट., **कार्य की अनुमानित लागतः** 76686447.14, **निविदा फार्म की कीमत** (non refundable)**:** लागू नहीं, **जमा की जाने वाली बयाना राशिः** 1533700.00, **कार्य समापन की अवधीः** 20 माह, **निविदा जमा करने एवं खोलने की दिनांक एवं समयः** दिनांक 18/08/2026 को 15:00 बजे तक दिनांक 18/08/2026 को 15:30 बजे, निविदाकर्ता /बिडर्स के पास क्लास III डीजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना आवश्यक है एवं IREPS पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिये। केवल पजीकृत निविदाकर्ता/ब्रिडर्सहीई-टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं। ई-टेंडरिंग के दौरान ही सभी संबंधित दस्तावेज अपलोड करना आवश्यक है। पेमेन्ट गेटवे के द्वारा ऑनलाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। निविदा दस्तावेज की कीमत, बयाना राशि आदि का भुगतान ऑनलाइन मल्टीपल नेटबैंकिंग, डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड द्वारा किया जा सकता हैं।

(हस्ता)
कृते मण्डल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूरसंचार)
पश्चिम मध्य रेल, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय नगरपालिका परिषद दमोह (म.प्र.)**

क्र/न.पा./2026/1866 **निविदा सूचना** दमोह, दिनांक 27/07/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली मे पंजीकृत ठेकेदारों से अधोलिखित विवरण अनुसार दर पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर नं. | कार्य का नाम एवं विवरण | अनुमानित लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अमानत राशि | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD _524369_1 | बजरिया 06 मे विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य। | Rs.32.44 लाख | 5000/- 24400/- रू. | 29/08/2026 |
| 2. | 2026_UAD _524373_1 | बजरिया 06 मे राम मंदिर से अरविन्द ठाकुर तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | Rs.30.77 लाख | 5000/- 23100/-रू. | 29/08/2026 |
| 3. | 2026_UAD _524382_1 | मागंज 06 मे जाटव धर्मशाला के पास टीन शेड निर्माण कार्य। | Rs.3.30 लाख | 2000/- 3500/-रू. | 15/08/2026 |
| 4. | 2026_UAD _524386_1 | नया बाजार 03 मे विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड, आरसीसी नाली एवं पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य। | Rs.39.55 लाख | 5000/- 29700/-रू. | 29/08/2026 |
| 5. | 2026_UAD _524409_1 | असाटी 02 में विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य। | Rs.35.37 लाख | 5000/- 26600/-रू. | 29/08/2026 |
| 6. | 2026_UAD _524664_1 | धरमपुरा वार्ड 39 मे विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य। | Rs.26.81 लाख | 5000/- 20200/-रू. | 29/08/2026 |
| 7. | 2026_UAD _524665_1 | बजरिया 04 मे विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य। | Rs.38.99 लाख | 5000/- 29300/-रू. | 29/08/2026 |
| 8. | 2026_UAD _524667_1 | असाटी 01 मे योगेश उपाध्याय से राधारमन मंदिर तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | Rs.29.07 लाख | 5000/- 21900/-रू. | 29/08/2026 |
| 9. | 2026_UAD _524668_1 | असाटी वार्ड 01 में विवेक विश्वकर्मा से आशीष असाटी एवं बिहारी असाटी से अजय गुप्ता तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | Rs.27.03 लाख | 5000/- 20300/-रू. | 29/08/2026 |
| 10. | 2026_UAD _524669_1 | सिविल 07 में विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड निर्माण कार्य। | Rs 25.00 लाख | 5000/- 18800/-रू. | 29/08/2026 |
| 11. | 2026_UAD _524671_1 | बजरिया 08 में विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड निर्माण कार्य। | Rs 22.53 लाख | 5000/- 17000/-रू. | 29/08/2026 |
| 12. | 2026_UAD _524674_1 | सिविल 10 मे विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड निर्माण कार्य। | Rs 18.96 लाख | 2000/- 14300/-रू. | 29/08/2026 |

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद दमोह**

## आपका राशिफल 29 जुलाई

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह सबेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक 2 5 8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। आय व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचें। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-1-2-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7